तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 18 मई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 दशकों पुरानी जर्जर विद्युत लाइन से मिलेगी मुक्ति, शासन से मिली 2 करोड़ की स्वीकृति









## खबर संक्षेप

### आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजनांतर्गत आवेदन 25 तक

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास रायपुर के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2024-25 में प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्र के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र जिला दुर्ग कन्या एवं जगदलपुर बालक में शिक्षक बनने की अभिरुचि रखने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु 25 मई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश हेतु आवेदन पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कम्पोजिट बिल्डिंग प्रथम तल अम्बिकापुर से प्राप्त कर 25 मई सायं 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।

### मतगणना से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण 26 से

**अम्बिकापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतगणना से संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण निर्धारित तिथि एवं स्थल पर नियत समय में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत 26 मई को होगी। प्रथम दिवस 26 मई को प्रातः 10 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में सरगुजा संसदीय क्षेत्र हेतु संभाग स्तरीय मतगणना प्रशिक्षण आयोजित है, जिसमें समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 28 मई को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में मतगणना प्रथम चरण प्रशिक्षण आयोजित है जिसमें समस्त गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं अन्य को प्रशिक्षण दिया जाना है। इसी प्रकार 29 मई प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित है जिसमें सभी माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 2 जून को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में मतगणना द्वितीय चरण प्रशिक्षण आयोजित है जिसमें समस्त मतगणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं अन्य को तथा 2 जून को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय चरण प्रशिक्षण आयोजित है जिसमें सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### चोरों ने घर के सामने से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम जमदेई निवासी राम अवतार सिरदार आ. देव साय (54 वर्ष) बुधवार को ग्राम लैंगा अपने रिश्तेदार के यहां शादी में शामिल होने बाइक क्रमांक सीजी 15 सीडब्ल्यू 1217 से गया था। ग्रामीण ने बाइक को रिश्तेदार के घर के सामने खड़ा कर शादी कार्यक्रम में चला गया और कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नही चला तो घटना की रिपोर्ट उदयपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### देखरेख के अभाव में हुआ जर्जर

# इतिहास को संजोकर रखने वाला संग्रहालय खुद लड़ रहा अपने अस्तित्व की लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- सरगुजा में नहीं है कोई जिम्मेदार अधिकारी, रायपुर से लिए जाते है निर्णय

सरगुजा की पुरातन संस्कृति और सभ्यता से युवा पीढ़ी को अवगत कराने के लिए बनाया गया पुरातत्व संग्रहालय अब खुद अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। 6 करोड़ से अधिक खर्च आकर बनाया गया भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। यहां रखी गई प्राचीन काल की मूर्तियां जर्जर हालत में है और सभी निर्माण भी अब बेरंग हो चुके है। हैरानी की बात तो यह है कि इतिहास को संजोकर रखने वाले संग्रहालय को संरक्षित करने की दिशा में वर्षों बाद भी कोई ठोस पहल नहीं हो पाई है। अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर हरिभूमि ने पुरातत्व संग्रहालय का जायजा लिया।

दरअसल शहर के वाटर पार्क के समीप संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा जिला पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना की गई है। 1.2 हेक्टेयर भूमि में 2942 वर्ग मीटर जमीन पर 1 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से भवन का निर्माण कराया गया था और उसमें सरगुजा संभाग के साथ ही छत्तीसगढ़ से खुदाई मिले प्राचीन धरोहरों को रखा गया था। इस जिला पुरातत्व संग्रहालय का उद्घाटन वर्ष 2013 में तत्कालीन मंत्री द्वारा किया गया था। इस संग्रहालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य यह था कि नई पीढ़ी के युवाओं को पुरातन काल की सभ्यता, संस्कृति और धार्मिक महत्वों से अवगत कराया जा सके परन्तु अपने स्थापना के बाद से ही यह पुरातत्व संग्रहालय अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। वर्षों तक भवन के खंडहर बने रहने और लोगों द्वारा रूचि नहीं लिए जाने के कारण विभाग द्वारा एक बार पुनः इसके पुनर्निर्माण की पहल की गई थी। इस दौरान करोडो रुपए खर्च कर विभाग द्वारा यहां रजवार हॉउस, कोरवा हॉउस, पंडो हॉउस, सरगुजा संभाग के प्रमुख स्थलों का नक्सा, झरना, भोरमदेव, गंडई और पाली मंदिर के प्रतिरूप का निर्माण कराया जा रहा था। इस निर्माण में विभाग द्वारा करोडो रुपए खर्च कर दिए गए परन्तु बाद में निर्माण के लिए और राशि विभाग द्वारा प्रदान नहीं किए जाने के कारण काम आगे नहीं बढ़ पाया और कराए गए निर्माण भी देख रेख के आभाव में अपना अस्तित्व खोने लगे थे और आज की स्थिति में यह पुरातत्व संग्रहालय किसी खंडहर से कम नजर आता। संग्रहालय परिसर में चारो ओर स्थापित किए गए मंदिरों के प्रतिरूप अपना अस्तित्व खोते नजर आ रहे है जबकि अंदर कराए गए निर्माण और खुदाई से निकली प्राचीन वस्तुएं भी अब जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि करोड़ों रुपए खर्च कर संग्रहालय का निर्माण करने का क्या औचित्य जब विभाग इसके अस्तित्व को ही नहीं बचा पा रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस**





वर्षों पुराना जीर्ण-शीर्ण पुरातत्व संग्रहालय।

### रायपुर से लिए जाते है सभी निर्णय

बताया जा रहा है कि पुरातत्व संग्रहालय से सम्बंधित सभी निर्णय रायपुर में बैठे विभागीय अधिकारियों द्वारा लिए जाते है। संग्रहालय के निर्माण से लेकर उसके रख रखाव में किए जाने वाला खर्च विभाग द्वारा किया जाता है। हालांकि इसके संचालन का जिम्मा कलेक्टर के पास है लेकिन विभाग के अधिकारियों के पास ही सभी अधिकार है लेकिन स्थानीय स्तर पर विभाग का कोई अधिकारी व कार्यालय नहीं होने के कारण इसकी यह दुर्दशा है जबकि सरगुजा संभाग में पुरातात्विक धरोहरों का अम्बार है और इसे सहेजने की जरूरत है।

#### नहीं जाते है पर्यटक

सरगुजा पुरातत्व संग्रहालय का निर्माण इस लिए किया गया था कि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां जाकर अपनी संस्कृति और सभ्यता से रूबरू हो सके परन्तु इसकी दुर्दशा के कारण पर्यटक भी अब यहां जाना नहीं चाहते है और जो पर्यटक जाते है उन्हें भी यहां देखने को कुछ खास नहीं मिलता है। वर्षों पुराने इस संग्रहालय को नए सिरे से व्यवस्थित कर नई पुरातात्विक धरोहरों को भी स्थापित किया जा सकता है ताकि लोगों का आकर्षण इस ओर बढ़े। सरगुजा के साथ ही संभाग के अन्य जिलों में भी अनेकों पुरातात्विक धरोहर मिलते रहते है जिन्हे भी इस स्थान पर रखा जा सकता है ताकि संग्रहालय में रूचि दिखा सके।

## बस ने बाइक सवार दम्पति को मारी टक्कर, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 10 माह का बच्चा व पति घायल, जांच में जुटी पुलिस



शुक्रवार को तेज रफ्तार व चालक की लापरवाही से एक बच्चे के सिर से मां का साया उठ गया। शादी समारोह में जाने के लिए निकले दम्पति को तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दस माह का मासूम व पति घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम धंधापुर कोरवापरा निवासी 26 वर्षीय सुनीता पति बाबूलाल अपने दस माह के बच्चे के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम भेस्की जा रही थी। इस दौरान एनएच 343 पर सुबह दस बजे रामानुजगंज की ओर से अंबिकापुर की ओर जा रहे आदर्श बस क्रमांक सीजी 15 एबी 0637 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दम्पति को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पति बाबुलाल व दस माह का बच्चा घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को पीएचसी बरियों में भर्ती कराया गया इसके साथ ही बस को जब्त कर लिया है। पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### पटवारी से मारपीट करने के मामले में चार गिरफ्तार



**चांदो।** कार्यालय में घुसकर पटवारी से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन सगे भाइयों समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांदो तहसील कार्यालय में पदस्थ पटवारी केशलाल पंडो 15 मई को अपने कार्यालय में बैठकर काम कर रहा था। इस दौरान ग्राम कुरडीह निवासी हिदायतुल्लाह आ. मोहमदिन, जबीउल्लाह आ. मोहमदिन, नईम अंसारी आ. मोहमदिन व फैजुल अंसारी आ. हबीबुल्लाह वहां भूमि बटवारा के काम से पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पटवारी से भूमि बंटवारा करने को कहा तो पटवारी ने विधिवत प्रक्रिया के तहत काम करने की बात कही जिसके बाद चारों ने मिलकर पटवारी से गाली गलौज कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। पटवारी द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस ने मामले में धारा 186, 332, 353, 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## कुरियर कंपनी के नाम पर विशिष्ट नंबर कर करवाया फोन फिर कर लिया मोबाइल हैक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- व्हाट्सअप एप का उपयोग कर परिचितों से मांगे 1.25 लाख रुपए, झारखंड से दो आरोपी गिरफ्तार



कुरियर पहुंचाने के नाम पर अनजान नंबर से फोन कर एमएमआई कोड जनरेट कर मोबाइल फोन हैक करने व परिजन से सवा लाख रुपए की ठगी करने के मामले में झारखंड से दो शातिर आरोपियों को पकड़ने में सरगुजा पुलिस ने सफलता हासिल की है। आरोपियों ने युवती का मोबाइल फोन हैक कर लिया और फिर उसके व्हाट्सअप एप पर सगे संबंधियों को मैसेज भेजकर पैसों की मांग की। पुलिस ने आरोपियों घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के विजय मार्ग निवासी दीक्षा अग्रवाल की बड़ी बहन के पास 13 मई को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर खुद को कुरियर कंपनी वाला बताया गया और कुरियर पहुंचाने की बात कहते हुए झांसे में लेकर एक विशिष्ट नंबर 219835628063 पर फोन करने को कहा गया। झांसे में आकर युवती ने जब उक्त फोन नंबर को अपने मोबाइल फोन से डायल किया तो उसके मोबाइल फोन पर एमएमआई कोड जनरेट होने का नोटिफिकेशन आया और इसके बाद युवती का मोबाइल फोन हैक हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने युवती का मोबाइल फोन हैक करने के बाद उसके व्हाट्सअप एप का उपयोग कर सगे संबंधियों को मैसेज भेजना शुरू कर दिया गया और खुद को युवती का परिचित बताकर पैसे मांगा जा रहा था। अज्ञात आरोपियों ने अलग अलग नंबरों व एवं बारकोड पर पैसों की मांग कर रिश्तेदारों से 1 लाख 25 लाख रुपए की ठगी की गई। मोबाइल फोन हैक होने व ठगी जानकारी होने पर दीक्षा अग्रवाल द्वारा घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद साइबर सेल व कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी और जांच के दौरान पुलिस टीम को झारखंड के जमशेदपुर रवाना किया गया। इस दौरान पुलिस ने जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम मांगो निवासी 23 वर्षीय गणेश महाकुड व पूर्वी सिंहभूम टाटानगर मांगो आजाद नगर करली निवासी 21 वर्षीय कसफ अली को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो नग मोबाइल फोन जब्त कर उन्हें धारा 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पुलिस ने लोगों से आह्वान ⏭ शेष पेज 4 पर

## आधे दाम पर वाहन फाइनेंस कराने का झांसा देकर ठगी, गिरोह पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सरगना समेत चार आरोपियों की हुई गिरफ्तारी, महिला को पिकअप वाहन फाइनेंस कर बनाया शिकार



लोगों को आधे रकम में वाहन फाइनेंस करने और फिर ठगी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि मुख्य आरोपी को पूर्व में ही पकड़ा गया था। आरोपियों ने महिला को कंपनी से पिकअप वाहन फाइनेंस कराया गया और फिर डेढ़ साल बाद पिकअप वाहन का किस्त भुगतान करना बंद कर दिया गया। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने 10 हजार रुपए प्रति ग्राहक की लालच में आकर ठगी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुसमी चिरपैनपारा निवासी कलाम व अन्य संचालकों द्वारा खैरबार में ड्रीम आरके ट्रेडिंग सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी संचालित की जाती है और कंपनी के माध्यम से वाहन फाइनेंस कराया जाता है। ग्राहकों से वाहन के मूल्य का आधा पैसा लेकर वाहन फाइनेंस कराकर शेष रकम कलाम व अन्य संचालकों द्वारा भुगतान किया जाता था। पुलिस के अनुसार फोकटपारा इंद्रानगर निवासी अनिमा बड़ा को भी कलाम व अन्य संचालकों द्वारा ड्रीम आरके प्राइवेट लिमिटड कंपनी से 9 लाख 75 हजार रुपए कीमत का पिकअप वाहन फाइनेंस कराया गया था। कंपनी की पॉलिसी के अनुसार महिला ने फाइनेंस के दौरान ढाई लाख रुपए नगद कंपनी में व 2 लाख 85 हजार रुपए कलाम व अन्य संचालकों को दिया गया। फाइनेंस के दौरान महिला को बताया गया था कि उसे अब पिकअप वाहन के किस्त का भुगतान नहीं करना है और किस्त का भुगतान फाइनेंस कंपनी के माध्यम से किया जाएगा। इस दौरान आरोपियों ने महिला को चेक भी प्रदान किया था लेकिन डेढ़ साल बाद संचालकों ने पिकअप वाहन का किस्त भुगतान करना बंद कर दिया गया जिसके बाद महिला को ठगी का ⏭ शेष पेज 4 पर

### उधार का पैसा मांगने पर युवक की पिटाई

**अम्बिकापुर।** त्रिकुण्डा अंतर्गत धमनी कृष्ण नगर निवासी संतोष पाल आ. स्व. नंदुपाल (22 वर्ष) सुभाष नगर स्थित कॉलोनी किराए के मकान में रहता है। कुछ दिन पूर्व सौरभ सिंह को उधार में पैसा दिया था। संतोष ने सौरभ से उधार का पैसा मांगा तो सौरभ ने पटेलपारा खेत के पास पैसा देने के लिए बुलाया। संतोष खेत के समीप सौरभ का इंतजार करने लगा तभी सौरभ अपने दोस्त प्रिंस सोनी, सुनिल के साथ मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करना शुरू कर दिया। पीड़ित युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## शराब के लिए पैसा नहीं देने पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एक युवक गिरफ्तार, फरार आरोपियों की तलाश जारी



शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर अज्ञात लोगों ने घर के बाहर टहल रहे युवक की पिटाई करने के साथ ही ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक की मां ने घटना शिकायत पुलिस से की गई है जिसपर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कांतिप्रकाशपुर नहरपारा निवासी कामकुवेर बघेल अपने परिवार के साथ रजपुरी खुर्द स्थित मायके आई हुई थी। इस दौरान 15 मई की रात महिला का पुत्र अभिषेक महिला के रिश्ते की भतीजी व नाती- नातिन को घर के बाहर लेकर टहल रहा था। इसी दौरान स्कूटी सवार कुछ युवक मौके पर पहुच गये और उन्हें रोक लिया। इस दौरान आरोपियों ने उन्हें रात को बाहर घूमने की बात कहते हुए दारु पीने के लिए 1 हजार रुपए की मांग की। जब युवक ने पैसे देने से इनकार किया तो उन्होंने युवक के साथ मारपीट शुरू कर कर दी और उनमें से एक युवक ने अभिषेक के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान छोटी बच्ची ने घर जाकर परिजन को जानकारी दी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचते तब तक आरोपी मौके से भाग चुके थे और युवक गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रजपुरी खुर्द निवासी 20 वर्षीय दिलिप उर्फ दादू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 294, 506, 323, 327, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, सउनि मनोज सिंह, प्रधान आरक्षक रजनीकांत मिश्रा, आरक्षक दीपक दास, शामिल रहे।

### शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सफाई, नागरिकों में नाराजगी

# सफाई के अभाव में नगर में लगा कचरे का अंबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



नगर पंचायत की उदासीनता एवं सफाई कर्मियों की लापरवाही से नगर में कचरे का अंबार लग गया। जगह जगह जमा कचरे की वजह से नगर की छवि धूमिल हो रही है। हैरानी की बात तो यह है कि नगर वासियों की शिकायत के बाद भी सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में अब लोगों में नगर पंचायत अधिकारियों के खिलाफ रोष का माहौल है। विदित हो कि नगर की साफ सफाई के लिए नगर पंचायत में बड़ी संख्या में सफाईकर्मियों की भर्ती की गई है जिनके कंधों पर नगर की सफाई के साथ उसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी है।इसके बावजूद नगर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नगर पंचायत की उदासीनता एवं सफाईकर्मियों की लापरवाही की वजह से नगर में जगह जगह गंदगी ने डेरा जमा रखा है। नगरवासियों द्वारा अवगत कराने के बाद भी नगर पंचायत साफ सफाई को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा है ऐसे में नगर के चौक चौराहों समेत मुख्य मार्ग के किनारे गंदगी जमा है। ऐसा नही है कि आवागमन के दौरान सड़क किनारे जमा इस गंदगी पर अधिकारी पदाधिकारीयो की नजर नही पड़ी होगी किंतु इच्छाशक्ति के अभाव में किसी ने भी इस कचरे को हटवाना उचित नही समझा जिसकी वजह से ये कचरा विगत कई दिनों से जमा हुआ है। नगर में सफाई अभियान को लेकर नगर पंचायत का लापरवाह एवं उदासीन होना लोगो को रास नहीं आ रहा है। लोगों ने सफाई अभियान चलाकर नगर में व्याप्त गंदगी साफ करने की मांग की है ताकि धूमिल होती छवि के साथ नगर का माहौल साफ एवं स्वच्छ हो सके। इस संबंध में अध्यक्ष नगर पंचायत प्रेमदान कुजूर ने कहा कि बारिश को देखते हुए नगर की नालियों की साफ सफाई कराई जा रही है ताकि बारिश की वजह से नगर में जल जमाव की स्थिति निर्मित न हो सके। नगर में गंदगी को लेकर उन्होंने कहा कि सफाईकर्मी रोज नगर की सफाई करते है इसके बाद भी अगर कही कचरा पड़ा रहा जाता है तो नगर पंचायत को अवगत कराएं। तत्काल वहां से कचरा हटवाया जाएगा।

17- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/17/2024 7:28 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## आन्या टेलर जॉय-क्रिस हेम्सवर्थ ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा



फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं। कान फिल्म में आन्या टेलर जॉय आइवरी गाउन में जलवा बिखेरा। उन्होंने नेकपीस और बोल्ड मेकअप के साथ अपना लुक पूरा किया। वहीं, क्रिस हेम्सवर्थ ने काली पैंट के साथ बेज सूट में बेहद हेंडसम लग रहे थे। आन्या टेलर जॉय द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा किए गए पलों में हेम्सवर्थ उनके साथ मजाक करते नजर आए। लोगों को सोशल मीडिया पर ये जोड़ी खूब पसंद आ रही है। फैंस इनकी जमकर तारीफ कर रहे है। कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट की शोभा बढ़ाने के लिए आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की एंट्री ने सबका ध्यान खींच लिया। दोनों के फैशन ने फिल्म के प्रीमियर में चार चांद लगा दिए। 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त है। इसमें टॉम बर्क, एंगस सैम्पसन, डैनियल वेबर और नाथन जोन्स भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 24 मई 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर की 'देवरा' का पहला गाना रिलीज करने तैयारी



साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी फिल्म 'देवरा' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर छोटी से छोटी जानकारी पाकर फैंस काफी उत्साहित हो जाते हैं। वहीं अब फैंस के इस उत्साह को बढ़ाने के लिए फिल्म के पहले गाने को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म के निर्माता अब जल्द ही 'देवरा' का पहला गाना रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की प्रोडक्शन टीम जूनियर एनटीआर के प्रशंसकों के लिए एक विशेष उपहार तैयार कर रही है, जो अभिनेता के जन्मदिन पर दिया जाएगा। यह उपहार फिल्म का पहला गाना होगा। चर्चा है कि जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर यानी 20 मई, 2024 को फिल्म का पहला सिंगल रिलीज होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के सॉन्ग वीडियो पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि निर्माताओं की ओर से फिल्म के गाने की रिलीज की तारीख से पर्दा कल, यानी 16 मई को उठाया जा सकता है। अब प्रशंसकों को तारीख के खुलासे के इंतजार है। 'देवरा' के जरिए जूनियर एनटीआर ब्लॉकबस्टर हिट 'जनता गैराज' के प्रतिभाशाली फिल्म निर्माता कोराताला शिवा के साथ फिर से जुड़े हैं। 'देवरा' जान्हवी कपूर की दक्षिण फिल्मों में पहली फिल्म और जूनियर एनटीआर के साथ उनका पहला सहयोग है। 'आरआरआर' की तरह इस तेलुगु फिल्म में हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे, जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, देवरा को भारी बजट पर बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। फिल्म में सैफ अली खान और राम्या कृष्णा जैसे अन्य कलाकार भी होंगे। ऐसी खबरें हैं कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टार कास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### भोजपुरी

## सौतन के प्यार में दीवाने पति को 'मारब चोटी से चोट तो...' का मिला जवाब



भोजपुरी सिनेमा की जानी मानी डांसर माही श्रीवास्तव ने भले ही फिल्मों में काम न किया हो, लेकिन उनकी पॉपुलेरिटी किसी बड़ी भोजपुरी एक्ट्रेस से कम नहीं है। अब माही श्रीवास्तव का एक नया गाना रिलीज हुआ है। इस गाने का टाइटल 'मारब चोटी से चोट' है। माही के गाने को गोल्डी यादव ने अपनी मधुर आवाज दी है। इस गाने ने रिलीज होते ही यूट्यूब पर धमाल मचा दिया है। माही और गोल्डी के 'मारब चोटी से चोट' गाने को काफी पसंद किया जा रहा है। इस गाने में माही बिल्कुल अलग और खास अंदाज में नजर आ रही हैं। गाने का पिक्चराइजेशन भी बेहद शानदार है। 'मारब चोटी से चोट' को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने के वीडियो में माही श्रीवास्तव का देसी ठुमका वाला डांस देख फैंस दीवाने हो रहे हैं। इसके वीडियो में दिख रहा है कि माही का पति परदेस में पैसा कमाने गया है और इधर पति के दूर रहने पर उसे काफी चिंता सता रही है। उसे डर है कि उसका पति परदेस में सौतन के चक्कर में ना पड़ जाए।

## क्लाइमेट चेंज की चिंता

पर्यावरण को समर्पित अमेरिकी कलाकार निकोल डेक्सट्रास अपनी कृतियों से प्रकृति के साथ हमारे संबंधों को उजागर करती है। पिछले दिनों क्लाइमेट चेंज यानि जलवायु परिवर्तन पर अपना दृष्टिकोण रखने अनूठी डिजाइन के साथ माडल को पेश किया। उनके इस डिजाइन को काफी पसंद किया गया। डेक्सट्रास मानती है कि उनकी छोटी-छोटी पहल से प्रकृति संरक्षण के प्रयासों को गति मिलेगी।




लाइफ स्टाइल

## सनस्क्रीन लगाने से पहले जरूर रखें इन बातों का ध्यान, वरना त्वचा पर दिखेगी टैनिंग

देश में कई जगहों पर लगातार तेज गर्मी की वजह से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। अभी मई का महीना चल रहा है लेकिन धूल भरी आंधी और चिलचिलाती धूप की वजह से लोगों का घर से बाहर निकलना तक दुश्वार हो गया है। लोग जब भी घर से बाहर निकल रहे हैं तो खुद को पूरी तरह से कवर कर रहे हैं, ताकि उन्हें लू न लगे और धूप की हानिकारक किरणों का प्रभाव चेहरे पर न पड़े।

धूप से त्वचा को बचाने के लिए लोग सनस्क्रीन का भी इस्तेमाल करते हैं। सनस्क्रीन लगाने के बाद त्वचा को कई परेशानियों से दूर रखा जा सकता है। अगर आप चाहते हैं कि सनस्क्रीन आपकी त्वचा पर अच्छा प्रभाव दिखाए तो इसका इस्तेमाल करते वक्त कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखना है। इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ ही टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको सनस्क्रीन लगाते वक्त रखना है।

सबसे पहले सनस्क्रीन खरीदते वक्त ध्यान रखें कि ये कम से कम 40 SPF की हो। अगर



आपकी सनस्क्रीन में कम से कम 40 से ज्यादा एसपीएफ होगा, तभी ये आपकी त्वचा का ध्यान अच्छी तरह से रख पाएगी। सही एसपीएफ वाली सनस्क्रीन आपको सनबर्न से बचाने का काम करती है।

अक्सर लोगों को लगता है कि सनस्क्रीन सिर्फ तभी लगानी होती है जब घर से बाहर जाना होता है, जबकि ऐसा नहीं है। खतरनाक यूवी किरणों का असर आपके घर में रहने के बावजूद त्वचा पर पड़ता है। ऐसे में जब घर पर रहें तब भी इसका इस्तेमाल करें।

सनस्क्रीन लगाते वक्त इसकी मात्रा का खास ध्यान रखें। ज्यादातर लोगों को अपने शरीर को पूरी तरह से ढकने के लिए एक बार में लगभग 28 ग्राम सनस्क्रीन की जरूरत होती है। इसे अच्छी तरह से त्वचा पर लगाने के बाद पहले सूखने दें।

अगर आप धूप में घर से बाहर हैं तो हर दो घंटे में सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। खासतौर पर अगर आपको पसीना काफी ज्यादा आता है तो बार-बार सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना जरूरी होता है।

## इन गलतियों की वजह से गर्मियों में झड़ने लगते हैं बाल, आप भी जरूर जानें

गर्मी के मौसम में लोग अपनी त्वचा और बालों का काफी ध्यान रखते हैं। त्वचा का ध्यान रखने के लिए लोग तरह-तरह के ऐसे स्किन केयर ट्रीटमेंट कराते हैं, जो त्वचा के लिए काफी लाभदायक होती हैं। त्वचा का ध्यान रखते-रखते कई बार लोग अपने बालों का ध्यान रखना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से बाल झड़ने लगते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आपके बाल झड़े नहीं तो आपको अपने बालों का खास ध्यान रखने की जरूरत है। इसके लिए बहुत से लोग तो स्पा जाकर हेयर केयर ट्रीटमेंट कराते हैं। बहुत से लोग जो स्पा नहीं जा पाते वो घरेलू नुस्खे अपनाते हैं।

**बालों की सफाई न करनाः** गर्मी के मौसम में समय-समय पर बाल धोना काफी जरूरी होता है। अगर आप अपने बालों की सफाई सही से नहीं करेंगे तो बाल काफी ज्यादा मात्रा में झड़ने लगते हैं। गंदगी रहने की वजह से बाल काफी कमजोर हो जाते हैं, जो हेयर फॉल के साथ कई अन्य परेशानियों को जन्म देते हैं।

**टाइट चोटी बनानाः** बहुत सी महिलाएं गर्मी से बचने के लिए बालों की टाइट चोटी बना लेती हैं। ऐसे में भले ही उन्हें आराम मिलता है, लेकिन



टाइट चोटी से बालों में काफी पसीना आता है, जिससे बाल कमजोर होते हैं। ऐसे में अपने बालों में टाइट चोटी न बनाएं। उसकी जगह या तो बाल खुले रखें या फिर बालों में हल्की ढीली चोटी बनाएं।

**रूसी की समस्याः** बहुत से लोग गर्मी के मौसम में भी डैंड्रफ यानी कि रूसी की समस्या से परेशान रहते हैं। ये सिर्फ बालों में पसीना आने की वजह से होती है। ऐसे में जब रूसी बालों में हो जाती है तो बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं।

घर से बाहर निकलते वक्त हमेशा बालों में कुछ बांधे जरूर। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो बाल धूप के संपर्क में आएंगे।

## चलन में हैं ऐसे सूट खूब जंचेंगे आप पर



फैशन

वैसे तो ज्यादातर महिलाएं शादी-विवाह से लेकर दफ्तर तक के कार्यक्रमों में साड़ी पहनना पसंद करती हैं, लेकिन बहुत सी ऐसी महिलाएं भी हैं, जिन्हें साड़ी पहनना नहीं आता। बहुत सी महिलाओं को साड़ी पसंद ही नहीं होती, ऐसे में वो सूट को प्राथमिकता देती हैं। सूट एक ऐसा परिधान है जिसे कैरी करना तो आसान होता ही है और साथ में ये काफी आरामदायक होता है। यही वजह है कि महिलाओं को साड़ी से ज्यादा सूट पहनना पसंद होता है।

आज के समय की बात करें तो आजकल महिलाओं को पाकिस्तानी सूट काफी पसंद आ रहे हैं। कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। इन अभिनेत्रियों में हानिया आमिर से लेकर सबा कमर तक का नाम शामिल है। इनके सूट कलेक्शन आप भी आजमा सकती हैं।



### हानिया आमिर

अभिनेत्री हानिया आमिर को क्यूटनेस के लाखों लोग दीवाने हैं। उनके पास एक से बढ़कर एक शानदार सूट हैं, जो उनपर काफी जचते भी हैं। अगर आपको ऐसे सूट पसंद हैं तो आप हानिया के कलेक्शन पर एक नजर डाल सकती हैं।

### माहिरा खान

माहिरा खान की सादगी पर लोग फिदा रहते हैं। अगर आपको इस तरह के सूट पसंद हैं तो आप माहिरा के इस सूट को कॉपी कर सकती हैं। ऐसे सलवार सूट के साथ अगर आप अपने बालों में गजरा लगाएंगी तो आपका अंदाज प्यारा दिखेगा। इसके साथ ज्वेलरी जरूर पहनें।

### सजल अली

जरूरी नहीं है कि इस तरह के सूट के साथ दुपट्टा पहनना जरूरी है। आप इस तरह से सजल अली के जैसे कुर्ते और सलवार से भी अपना लुक कंप्लीट कर सकती हैं। इस वेल्वेट के सूट में आपका अंदाज प्यारा दिखेगा।

### सबा कमर


सबा कमर को काफी पसंद किया जाता है। आप चाहें तो उनके जैसा अनारकली सूट और उसके साथ शरारा तैयार करा सकती हैं। शरारा बनवाते वक्त ध्यान रखें कि इसमें घेर काफी ज्यादा हो।

## बेहद खतरनाक होता है नकली आई लैशज लगाना, जान लें इसके नुकसान

चेहरे को खूबसूरत बनाने में आंखों का भी काफी बड़ा योगदान रहता है। ऐसे में कई महिलाएं और लड़कियां तो रोजाना में भी काजल, आईलाइनर और आईशैडो का इस्तेमाल करती हैं। इन ब्यूटी प्रोडक्ट की वजह से आंखों की खूबसूरती कई गुना बढ़ जाती है। बहुत सी महिलाएं आंखों की खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए नकली आई लैशेज इस्तेमाल करती हैं, जिससे आंखें बड़ी और प्यारी दिखती हैं।

एक समय था जब नकली आई लैशेज वो महिलाएं ज्यादा इस्तेमाल करती हैं, जिनकी पलकें घनी नहीं होतीं, लेकिन आज के समय हर महिला आंखों को बड़ा और प्यारा दिखाने के लिए नकली आई लैशज का इस्तेमाल करती है। भले ही इनसे आप खूबसूरत लगने लगें, लेकिन इनके ज्यादा इस्तेमाल से आपकी आंखों को काफी नुकसान पहुंचता है। अगर आप भी नकली आई लैशेज लगाती हैं, तो पहले इसके साइड इफेक्ट के बारे में जरूर जान लें।

**बढ़ जाता है इंफेक्शन का खतराः** बाजार में मिलने वाले नकली आई लैशज का इस्तेमाल करने से भले ही आप कुछ वक्त के लिए खूबसूरत दिखने लगें लेकिन ये आपकी आंखों के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। इनको



लगाने से आंखों में इंफेक्शन का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि इसका इस्तेमाल न ही करें।

**आंखों में जलनः** वैसे भी प्रदूषण की वजह से आंखों में तमाम तरह की परेशानी होती रहती हैं। ऐसे में अगर आप नकली आई लैशेज का इस्तेमाल करेंगी तो आपकी आंखों में जलन की समस्या उत्पन्न हो सकती है। कई बार महिलाएं पैसे बचाने के लिए सस्ते आइ लैशेज का इस्तेमाल कर लेती है। इसमें लगने वाला ग्लू आंखों में ड्राईनेस की वजह बनता है।



कार्नर न्यूज

### साड़ी पहनना पसंद है, तो इसके डिजाइन में थोड़ा बदलाव करें

## रेड बांधनी साड़ी के इन डिजाइंस को करें ट्राई, नजर आएंगी सबसे अलग

साड़ी का फैशन कभी खत्म नहीं होता। फैशन ट्रेंड के बदलते ही अलग-अलग डिजाइन मार्केट में आते रहते हैं। साथ ही, कलर भी अलग-अलग मिल जाते हैं। बांधनी साड़ी आजकल काफी ट्रेंड में है। इस डिजाइन की साड़ी पहनने में आसान होती है। साथ ही, पहनने के बाद कम्फर्टेबल रहती है। आप इसमें रेड कलर ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। जिसमें आपको वर्क अलग-अलग मिल जाएंगे। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के डिजाइन आप रेड कलर साड़ी में ट्राई कर सकती हैं।

**गोटा पट्टी वर्क के साथ साड़ी :** अगर आपको कुछ नया ट्राई करना है, तो इसके लिए आप रेड कलर बांधनी साड़ी में गोटा पट्टी वर्क वाले डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें जो साड़ी होती है, वो प्लेन होती है। बस आपको गोटा वर्क बॉर्डर पर मिलता है, जिससे साड़ी अच्छी लगती है। आप भी किसी फंक्शन या त्योहार पर इस तरह की साड़ी को वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**रेड बांधनी साड़ी विद मिरर वर्क गोटाः** रेड कलर ज्यादा हाइलाइट नहीं करना तो ऐसे में आप कॉन्ट्रास्ट डिजाइन के साथ आप इस साड़ी को खरीद सकती हैं। इसमें आपको रेड कलर के साथ मिरर वर्क गोटा मिलेगा। इससे साड़ी यूनिक और अलग लगेगी। साथ ही, जो डिजाइन बीच में डिजाइन मिलेगा। उसमें भी गोटा वाले कलर को इस्तेमाल किया गया होगा, ताकि रेड कलर बांधनी साड़ी अच्छी लगे। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में 300 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**रेड कलर बांधनी साड़ीः** अगर आपको गोटा वर्क या हैवी बॉर्डर साड़ी पसंद नहीं है, तो इसके लिए आप इस तरह की सिंपल साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। रेड के साथ येलो कलर कॉम्बिनेशन अच्छा लगता है। साथ ही, यह साड़ी में एक ग्रेस ऐड करता है। आप इसके साथ प्लेन रेड ब्लाउज को वियर करें।

इससे साड़ी और भी अच्छी लगेगी। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी। इस बार रेड कलर बांधनी साड़ी के इन डिजाइंस को ट्राई करें। इसमें आपका लुक भी अच्छा लगेगा। साथ ही, आप अलग नजर आएंगी। मार्केट से खरीदने पर आपको इसमें ऑप्शन भी कई सारे मिल जाएंगे।



## खबर संक्षेप



### राम जानकी मंदिर में हो रहे महायज्ञ कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कुसमी।** ग्राम पंचायत कंदरी में प्राचीन राम जानकी मंदिर में हो रहे महायज्ञ कथा कार्यक्रम में सदानंद महाराज के सानिध्य में 10 से 18 मई तक महायज्ञ कथा का आयोजन किया गया है। महायज्ञ कथा के आयोजन से क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। महायज्ञ कथा वाचक सदानंद महाराज द्वारा प्रतिदिन कथा की जा रही है। कंदरी मंदिर के प्रांगण में आयोजित महायज्ञ पूजा पाठ राम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने आ रहे है। सदानंद महाराज द्वारा मंदिर प्रांगण में अस्पताल, गौशाला , गुरुकुल के माध्यम से विद्यालय की मांग एवं मंदिर की भूमि में बाउंड्री करण करने की मांग की। साथ ही मंदिर से प्राचीन काल से स्थापित अष्ठ धातु की मूर्ति की हुई चोरी करने वाले विषय को लेकर जांच करते हुए दोषी के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की। महायज्ञ राम जानकी मंदिर के कथा पूजा पाठ कार्यक्रम में पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### आधार कार्ड से मिला गुमशुदा युवक

**जनकपुर।** चार साल पहले गुम हुआ युवक को ढूंढ़कर वापस लाने में उसका आधार कार्ड कोटाडोल पुलिस के लिए मददगार साबित हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटाडोल थानांतर्गत ग्राम बसखोहर निवासी 15 जून 2020 को पुलिस थाना कोटाडोल में हरिलाल पंडो पिता सरदार राम पंडो उम्र 37 वर्ष ने कोटाडोल थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसका 17 वर्षीय नाबालिग पुत्र राम सुंदर गांव के कुछ लोगों के साथ कमाने के लिए जिला से बाहर गया था। कुछ माह बाद सभी दोस्त वापस अपने घर लौट आए, लेकिन नाबालिग पुत्र रामसुंदर वापस नहीं आया है। उसके साथियों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह हमसे रास्ते में कहीं बिछड़ गया है। काफी खोजबीन किए पर पता नहीं चला। प्रार्थी ने भी काफी तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला, इसलिए थाना आया हूं। सूचना पर पुलिस द्वारा गुम इंसान तथा अपहरण के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। पुलिस द्वारा लगातार 2020 से अप्रैल 2024 तक पता तलाश की, पर कुछ पता नहीं चला। अप्रैल माह में गुम इंसान के नाना शिवमंगल पंडो थाना में उपस्थित होकर बताया कि जो नाती गुम है, उसका आधार कार्ड घर पर आया है, इससे मेरे नाती का कुछ पता चल सकता है। इस पर कोटाडोल पुलिस द्वारा आधार कार्ड किस जिला में और किस आधार सेवा केन्द्र में बनवाया गया है। पतासाजी करते हुए उड़ीसा राज्य के राउरकेला जिला क्षेत्र में होने का पता चला।

## खुले विद्युत तारों की जगह लगाया जा रहा केबल

# दशकों पुरानी जर्जर विद्युत लाइन से मिलेगी मुक्ति, शासन से मिली 2 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विद्युत अमला व उपभोक्ताओं के लिए बड़ी समस्या साबित हो रही दशकों पुरानी जर्जर विद्युत लाईन से अब मुक्ति मिलने वाली है। शासन ने पुरानी विद्युत लाइन को बदलने के लिए 220 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। विभाग खुले तारों वाली विद्युत लाइन को हटाकर केबल लगवा रहा है। योजना के तहत विद्युत अवरोधों के नियंत्रण के लिए विद्युत फीडर की लंबाई कम करने के साथ ही अन्य समस्याओं का भी निराकरण किया जा रहा है। शहर सहित पूरे सरगुजा जिले में 80 के दशक में विद्युत का विस्तार किया गया था। तत्काली आवश्यकताओं को देखते हुए लम्बी-लम्बी लाइन खींचकर बड़े इलाके में विद्युत विस्तार किया गया था। दशकों पुरानी विद्युत लाइन के जर्जर एवं अव्यवहारिक होने के कारण आए दिन समस्या हो रही थी। तब बड़ी आबादी तक विद्युत पहुंचाने लम्बे-लम्बे फीडर बनाए गए थे तथा एक ही फीडर में कृषि, व्यवसायिक एवं घरेलु उपभोक्ताओं को जोड़ा गया था। कृषि क्षेत्र के उपभोक्ताओं में विद्युत खपत बढ़ने के कारण विद्युत लाईन व ट्रांसफार्मर खराब हो जाते है। लम्बे फीडर में खराबी ढूंढने विद्युत कर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है तथा सुधार कार्य में भी काफी समय लगता है। हुकिंग के माध्यम से बिजली चोरी की भी समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति को देखते हुए लम्बे समय से विद्युत लाईन के जर्जर तारों को बदलने के साथ ही अन्य तकनीकी बदलाव करने की आवश्यकता लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को देखते हुए शासन ने इस कार्य के लिए 220 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। निविदा की प्रक्रिया पूरी होने विभाग ने विद्युत लाइन को बदलने का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। विभाग द्वारा विद्युत लाईन के पुराने खुले तारों को हटाकर केबल लगाने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। विभाग ने ठेकेदार को शहर सहित पूरे जिले भर की विद्युत लाइन को दुरूस्त करने के लिए 2 साल का समय निर्धारित किया है। काम पूरा होने के बाद विद्युत अवरोधों से राहत मिलेगी साथ ही विद्युतकर्मियों को भी फाल्ट खोजने के लिए लम्बी दूरी तक सफर करने से मुक्ति मिलेगी।

**खास बात**

- समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए बनाए जाएंगे नए विद्युत फीडर



विद्युत लाइन का विस्तार करते कर्मचारी।।

### कृषि प्रयोजन के लिए बनेंगे अलग फीडर

गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति एवं विद्युत अवरोधों के नियंत्रण के लिए विभाग ने कृषि उपभोक्ताओं के लिए अलग फीडर बनाने का निर्णय लिया है। गर्मी के मौसम सहित अन्य दिनों में कृषकों द्वारा खेतों की सिंचाई के लिए लगातार 24 घंटे तक पंप चलाने के कारण लोड बढ़ जाता है तथा विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। आए दिन इस तरह की समस्या निर्मित होने के कारण विभाग ने कृषि जरूरतों के लिए अलग फीडर बनाने का निर्णय लिया है। अलग फीडर बनने पर लोड बढ़ने के बावजूद अन्य उपभोक्ताओं की आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। विकासखण्ड लुण्ड्रा, उदयपुर, लखनपुर, बतौली एवं सीतापुर सहित अन्य क्षेत्रों में बहुतायात में सिंचाई पंप हैं जिनके लिए अलग फीडर बनाया जाएगा।

### कम होगी फीडर की दूरी

दशकों पूर्व बने विद्युत फीडर की दूरी काफी लम्बी है। एक फीडर के भरोसे बड़ी आबादी एवं एक दर्जन से अधिक गांवों की विद्युत आपूर्ति आधारित होने के कारण विद्युत अवरोध होने पर पूरे इलाके के उपभोक्ता प्रभावित होते हैं। विभाग ने इस समस्या के निराकरण के लिए फीडर की लम्बाई कम करने एवं नए फीडर बनाने का निर्णय लिया है। इस तरह की समस्या न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बल्कि शहर में भी है। ग्रामीण विद्युत संभाग में 6 हजार किमी लम्बे 83 विद्युत फीडर हैं। योजना के तहत 20 नए फीडर बनाकर इनकी लम्बाई 2500 किमी बढ़ाने की है। इसी तरह शहर संभाग में कुल 46 फीडर हैं जिनमें ननि क्षेत्र के 32 फीडर शामिल है। शहर के टाउन फीडर, बाबूपारा, अजिरमा, शिकारी रोड एवं डीसी रोड फीडर की लंबाई अधिक होने के कारण पांच नए फीडर बनाने की योजना है।

### हुकिंग पर लगेगी रोक

खुले तारों की जगह केबल लगाने पर अवैध हुकिंग पूरी तरह रूक जाएगी तथा लोग चोरी-छिपे बिजली का उपयोग नहीं कर सकेंगे। वन क्षेत्रों में पेड़ों की डाल गिरने से आए दिन होने वाला विद्युत अवरोध भी पूरी तरह रूक जाएगा। केबल लगने से करंट से हाथियों की मौत की घटना भी रूक जाएगी। योजना के तहत दूरस्थ क्षेत्र के लोगों को भी काफी लाभ मिलेगा। पूर्व जहां पं.दीनदयाल विद्युतिकरण योजना एवं राजीव गांधी विद्युतिकरण योजना के तहत सिंगल लाइन की जगह थ्री फेस का विस्तार किया जाएगा इन बदलावों से विद्युत अवरोधों में गुणात्मक कमी आएगी तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध होगी।

### चल रहा है काम

विद्युत चोरी सहित अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए 220 करोड़ की लागत से जिले भर की विद्युत लाइन का सुधार किया जाएगा तथा खुले तारों की जगह केबल लगाया जाएगा। योजना के तहत लम्बी दूरी के फीडरों की दूरी भी कम की जाएगी। केबल विस्तार का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग



## वार्षिक निरीक्षण के दौरान वाहन शाखा प्रभारी को आईजी ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

आईजी अंकित गर्ग ने शुक्रवार को रक्षित केंद्र में वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी लेने के साथ ही परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। परेड निरीक्षण के दौरान उन्होंने रक्षित केंद्र के वाहन शाखा का जायजा लिया व शासकीय वाहनों की अद्यतन स्थिति, रख रखाव एवं लाक बुक सहित उनके दस्तावेजों का विस्तृत अवलोकन किया। आईजी ने निरीक्षण के दौरान वाहन शाखा में रिकॉर्ड संधारण में कमियां पाए जाने पर वाहन शाखा प्रभारी को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि यथाशीघ्र रिकॉर्ड संधारित किया जाए। वहीं आईजी ने स्टोर शाखा में रखी गई सामग्रियों के रखरखाव समय पर जवानों को सामग्री वितरण के निर्देश दिए। आईजी ने आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से साफ सफाई व मेंटेन रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण उपरान्त आईजी श्री गर्ग व एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के पुलिस दरबार लगाकर अधिकारी कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। अधिकारी कर्मचारियों ने अपने प्रमोशन, स्थानांतरण जैसी समस्याओं से अवगत कराया। ख़ास बात यह है कि आईजी ने एसपी डॉ. सिंह द्वारा रक्षत केंद्र में शुरू की गई फोर्स अकेडमी का निरीक्षण कर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान आईजी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस विभाग में आरक्षक प्रथम स्तंभ होता है जो बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करते हुए जनता के बीच हमेशा संपर्क में रह कर लोगो की सुरक्षा प्रदान करता है। फोर्स एकेडमी के युवाओं ने भी आईजी से भर्ती प्रक्रिया व अन्य विषयों पर सवाल किए जिसपर आईजी ने कहा कि आप सभी युवा यहां के सिखलाए गए गुर को लगन व मेहनत अर्जित कर राज्य में होने वाले पुलिस भर्ती परीक्षा प्रक्रिया में अधिक से अधिक नौजवान सफल हो। आईजी ने पुलिस लाइन के साथ ही एसपी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एएसपी निमेश कुमार बरैया, एएसपी ऑप्स सैलेंद्र ठाकुर, एसडीओपी आजाक राजेंद्र खूटे, एसडीओपी कुसमी एमानुएल लकड़ा, रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

- फोर्स एकेडमी के युवाओं को भी दिए टिप्स, दरबार लगाकर सुनी पुलिसकर्मियों की समस्या

## पेज 1 के शेष...

### कुरियर कंपनी के नाम...

किया है कि किसी भी अनजान मोबाइल नंबर के धारक द्वारा प्रदान किए गए नंबर, लिंक में बिना जांचे परखे संपर्क ना करे और ना ही लिंक को ओपन करें। कंपनी द्वारा अधिकृत वेबसाइट में दिए गए नंबर व मेल का ही उपयोग करें। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, सउनि कृष्ण कुमार यादव, आरक्षक दीनदयाल सिंह, अनुज जायसवाल, सत्येंद्र दुबे शामिल रहे।

### आधे दाम पर वाहन...

एहसास हुआ। महिला ने अपने साथ 2 लाख रुपए के ठगी की शिकायत पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में घटना की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस के मुख्य आरोपी कलाम को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो उसने अपने एजेंट के माध्यम से ग्राहकों को लुभावने बातों में फंसाकर लोन फाइनेंस कराने की बात स्वीकार की। पुलिस ने मामले में अब बतौली बिलासपुर हाल मुकाम फुंदुरडिहारी बिचपारा निवासी 37 वर्षीय विनोद कुमार खलखो, खैरबार निवासी 39 वर्षीय सागर बा, 35 वर्षीय मनोज मोहन खलखो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने कंपनी के लिए प्रति ग्राहक 10 हजार रुपए का कमीशन मिलने की लालच में आकर भोले भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों को 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, एसआई अखिलेश सिंह, प्रधान आरक्षक सियाराम मरावी, अमित प्रताप सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह,शिव राजवाड़े, शिवमंगल सिंह, रिंकू गुप्ता, रमन मण्डल शामिल रहे।

**विवाद करने वाले ऑटो चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

## ऑटो को निर्धारित स्थान पर नहीं रोका, मांगा अधिक किराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शराब के नशे में धुत ऑटो चालक द्वारा महिला को निर्धारित स्थान के बदले दूसरे स्थान पर ले जाकर उतारने और अधिक किराया की मांग को लेकर विवाद करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार करने के साथ ही ई रिक्शा को जब्त कर लिया है। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक महिला जनपदपारा चौक के पास ऑटो क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 2093 में बैठकर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाष नगर जाने के लिए निकली थी। चालक शराब के नशे में धुत था और जब महिला ने कॉलेज गेट पर ऑटो को रोकने के लिए बोला तो चालक ने वाहन को नहीं रोका और गेट से कॉलेज से आगे निकल गया। इतना ही नहीं ऑटो चालक ने महिला से अधिक किराया की मांग की व मना करने पर विवाद शुरू कर दिया ऐसे में महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की गई। सूचना मिलने के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो चालक ऑटो लेकर फरार हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घेराबंदी कर मिशन चौक निवासी सूरज रवि को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ऑटो को जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह, एसआई रश्मि सिंह, सउनि राकेश मिश्रा, आरक्षक सत्यम सिंह, बृजेश राय, वीरेंद्र पैकरा शामिल रहे।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शुक्रवार की शाम अम्बिकापुर-बनारस मार्ग में स्टेट बैंक के पास के ट्रांसफार्मर में तेज धमाके के साथ आग लग गई तथा ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने लगा। ट्रांसफार्मर से आग की ऊंची लपटे उठती देख राहगीरों एवं आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई।

शक्रवार को शाम 5.30 बजे अम्बिकापुर-बनारस मार्ग में चौक से कुछ दूरी पर स्थित स्टेट बैंक शाखा के पास सड़क किनारे विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक तेज धमाका हुआ तथा ट्रांसफार्मर जलने लगा। ट्रांसफार्मर से आग की ऊंची लपटे उठती देख आसपास में मौजूद लोग भागने लगे। खतरे को देखते हुए मार्ग से आवागमन भी बंद रहा। सूचना पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने किसी तरह आग को नियंत्रित किया तो आधे घंटे बाद सड़क से आवागमन प्रारम्भ हुआ। ट्रांसफार्मर जलने के कारण आसपास की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। विद्युतकर्मी दूसरे ट्रांसफार्मर से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास में जुटे है। कार्यपालन अभियंता एसपी कुमार ने बताया कि विद्युत लोड को नियंत्रित करने पांच महीने पूर्व ही अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाया गया था। चिड़ियों के घासले अथवा अन्य किसी कारण से स्पार्किंग होने के कारण आग लगने की संभावना है। शनिवार को जले ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू करने की पहल की जा रही है।

## रेलकर्मी के सूने आवास में चोरी, नकद व गहने ले गए चोर

**बिश्रामपुर।** कोयलांचल बिश्रामपुर समेत आसपास के क्षेत्रों में चोरों की बढ़ी सक्रियता ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है, रोज एक के बाद एक चोरी की घटनाओं ने पुलिस के नाक में दम कर रखा है। बताया गया कि रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर से लगी रेलवे कॉलोनी में रहने वाले चाभीदार जेपी बंजारे के आवास 11/1 में अज्ञात चोरों ने बीती रात दरवाजे का कुंडा तोड़ भीतर प्रवेश कर घर को पूरे इत्मीनान से खंगाला। चोरों ने इस दौरान आलमारी का लॉक तोड़कर चांदी के जेवर सहित नगदी रकम व अन्य सामान अपने साथ ले गए।रेल कर्मी ने बताया कि पिछले आठ तारीख को सपरिवार अपने गांव बिलासपुर गए थे ,इस दौरान बाजू वाले सहकर्मी को घर को देखरेख के लिए बोला था ,यहाँ पर अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात घर का ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।घटना में चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम लगभग बीस हजार की चोरी बताई गई है।गौरतलब है कि अभी दो दिन पूर्व ही श्री राम ज्वेलर्स के संचालक के सत्पता स्थित सुने आवास में चोरों ने सामान सहित नगदी पार किया था।हाल ही में महिला कांग्रेस की सूरजपुर ज़िलाध्यक्ष ने क्षेत्र में चोरी में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु सूरजपुर एसपी को सौंपा था,इस पर सूरजपुर एस पी ने कांग्रेस पद अधिकारियों को जल्द ही मामले में उचित पहल करने का आश्वासन दिया था,बता दें कि सूरजपुर एस पी से आश्वासन मिलने के बाद दो बार बिश्रामपुर क्षेत्र में फिर से चोरी अब तक हो चुकी है।

- नहीं रुक पा रही बिश्रामपुर क्षेत्र में चोरी की वारदात
- क्षेत्रवासियों को पुलिस पर नहीं रहा भरोसा, पुलिस की हो रही किरकिरी



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## शशिपुर स्थित राइस मिल में सेंधमारी कर धान की बोरियां चोरी करने वाले आरोपी व खरीददार गिरफ्तार



**बिश्रामपुर।** ग्राम शशिपुर स्थित जय हनुमान राइस मिल में सेंधमारी कर धान की बोरियाँ चोरी करने मामले में पुलिस ने आरोपियों व खरीददार को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि गत दिनों 16 मई को ग्राम पंचायत तेलईकछार केनापारा निवासी रामेश्वर साहू पिता बउधु राम साहू जो कि जय हनुमान राइस मिल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 मई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों द्वारा करीब 50 बोरी धान को गोदाम के दीवार में सेंधमारी करके चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने पतासाजी शुरू की, इस दौरान मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी राज गिरी व सीताराम राजवाडे निवासी केनापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुछताछ के दौरान दोनों आरोपियों द्वारा अपने 2 अन्य साथी के साथ मिलकर राइस मिल में सेंधमारी करके 50 बोरी धान चोरी कर अनुज कुमार गुप्ता पिता नारायण गुप्ता ग्राम केनापारा निवासी के पास 23 हजार रूपए में बेचकर पैसा को आपस में बांटने की बात स्वीकारी।इसके आधार पर पुलिस द्वारा धान क्रेता अनुज गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने 50 बोरी धान ख़रीदना स्वीकार किया है। साथ ही पुलिस द्वारा चोरी के धान प्रस्तुत करने पर उसकी जब्ती की गई है।साथ ही सेंध मारने में प्रयुक्त 1 नग सब्बल, धान चोरी कर परिवहन करने में प्रयुक्त 1 नग मोटरसायकल आरोपी राज गिरी से जब्त किया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी सीताराम राजवाडे के कब्जे से 10 नग खाली जूट बोरी एवं विधि से संघर्षरत बालक से 10 नग जूट बोरी जब्त किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380, 34 के तहत कार्यवाही करते हुए धान क्रेता के खिलाफ धारा 411 अलग से जोड़ी गई है।मामले में पुलिस ने आरोपी राज गिरी पिता राजु गिरी उम्र 18 वर्ष, सीताराम राजवाड़े पिता रामविलास राजवाड़े उम्र 21 वर्ष, चोरी किए धान के क्रेता अनुज गुप्ता पिता श्रीनारायण गुप्ता उम्र 45 वर्ष सभी निवासी केनापारा जयनगर के गिरफ्तारी के अलावा 1 विधि से संघर्षरत बालक को विधिक अभिरक्षा में लिया गया है। मामले में एक आरोपी फरार बताया जा रहा है जिसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी जयनगर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक स्निग्धा सलामे, उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौसी, सहायक उपनिरीक्षक सोहन सिंह, प्रधान आरक्षक मुकेश्वर वर्मा, अशोक साहु, आरक्षक विकास मिश्रा, दिनेश ठाकुर, श्याम सिंह, नीरज झा, सुरेश तिवारी, सोनु सिंह, अविनाश कुजूर व अन्य सक्रिय रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. मोहित गुप्ता<br>MD (Medicine), मधुमेह एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ | डॉ. हेमन्त कुमार बी<br>MBBS, DCH, DNB<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश |
| डॉ. पूजा प्रजापति<br>MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ | डॉ. आशीष कुमार जायसवाल<br>एम.डी. फिजीशियन |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय<br>MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. मनोज भारती<br>MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ | सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ |
| डॉ. सुरभि<br>BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ | डॉ. हिमांशु गुप्ता<br>MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. विकास गुप्ता<br>MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ | डॉ. जी के दामले<br>MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता<br>MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह<br>MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ |
| आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट | फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी |

अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध